मुंबई (महाराष्ट्र) से प्रकाशित
हिन्दी दैनिक
# उत्तरशक्ति
हर खबर निष्पक्षता के साथ
मुंबई
वर्ष: 7 अंक 138
रविवार, 01 दिसम्बर 2024
मूल्य 3 रुपए, पृष्ठ-6
RNI NO. MAHHIN/2018/76092
email ID- uttarshaktinews@gmail.com
www.uttarshakti.co.in

## कांग्रेस की अंदरूनी कलह से नुकसान हो रहा है, सख्त फैसले की जरूरत: खड़गे

**नई दिल्ली, 30 नवम्बर।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने पार्टी लाइन से हटकर बयान देने के लिए विरोधी नेताओं की खिंचाई की और कहा कि हरियाणा और महाराष्ट्र के चुनाव नतीजों से सबक लेकर जवाबदेही तय करने और कमियों को दूर करने के लिए कठोर फैसले लेने की जरूरत है, जहां सबसे पुरानी पार्टी हार गई। दोनों राज्यों में पार्टी की मनोबल तोड़ने वाली हार का विश्लेषण करने के लिए कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित सीडब्ल्यूसी की बैठक के दौरान खड़गे ने कहा कि अंदरूनी कलह से सबसे पुरानी पार्टी को नुकसान हो रहा है और नेताओं से पार्टी विरोधी टिप्पणियां बंद करने का आग्रह किया।

खड़गे ने कहा कि उनका मानना है कि ईवीएम ने चुनावी प्रक्रिया को संदिग्ध बना दिया है और इस बात पर जोर दिया कि देश में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करना चुनाव आयोग की संवैधानिक जिम्मेदारी है।

उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि राज्य विधानसभा चुनाव राष्ट्रीय मुद्दों पर नहीं लड़े जाने चाहिए। उन्होंने कहा, ₹कब तक राज्य के नेता राष्ट्रीय मुद्दों पर राष्ट्रीय नेताओं के साथ विधानसभा चुनाव लड़ेंगे।₹ उन्होंने चुनाव परिणामों से सबक लेकर पार्टी में कमियों को दूर करने का आह्वान किया और कहा कि पार्टी को अपने प्रतिद्वंद्वियों के दुष्प्रचार और गलत सूचना का प्रभावी ढंग से मुकाबला करने के लिए रणनीति बनानी होगी।

खड़गे ने कहा, ₹इसलिए, यह महत्वपूर्ण है कि हम अनुशासन का सख्ती से पालन करें। हमें हर



परिस्थिति में एकजुट रहना होगा। पार्टी के पास अनुशासन का हथियार भी है। लेकिन हम अपने कार्यकताओं को किसी बंधन में नहीं डालना चाहते। उन्होंने कांग्रेस कार्यकताओं से चुनाव परिणामों से निराश न होने का आग्रह करते हुए कहा, इसलिए, सभी को यह सोचने की जरूरत है कि कांग्रेस पार्टी की जीत हमारी जीत है और हार हमारी हार है। हमारी ताकत पार्टी की ताकत में निहित है।खड़गे ने संकेत दिया कि पार्टी में बड़े पैमाने पर बदलाव किया जाएगा। बैठक में कुछ कांग्रेस नेताओं ने कई राज्यों में खराब संगठनात्मक ढांचे को चिह्नित किया। उन्होंने जोर देकर कहा कि पार्टी पुराने तरीकों पर चलकर सफलता हासिल नहीं कर सकती। आपको यह देखना होगा कि आपका राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी रोजाना क्या कर रहा है। उन्होंने कहा, हमें समय पर निर्णय लेने होंगे। जवाबदेही तय होनी चाहिए। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस की लगातार हार के कारण फासीवादी ताकतें अपनी जड़ें गहरी कर रही हैं।

उन्होंने कहा, एक-एक करके वे राज्य की संस्थाओं पर भी कब्जा कर रहे हैं। खड़गे ने कहा कि कांग्रेस भले ही चुनाव हार गई हो, लेकिन इसमें कोई संदेह नहीं है कि बेरोजगारी, महंगाई और आर्थिक असमानता इस देश में ज्वलंत मुद्दे हैं। उन्होंने कहा कि जाति जनगणना भी आज एक महत्वपूर्ण मुद्दा है। उन्होंने कार्यकताओं और नेताओं से भविष्य के चुनावों की तैयारी पहले से शुरू करने और मतदाता सूची की ठीक से जांच करने का आह्वान किया। खड़गे ने कहा कि चुनाव लड़ने के तरीके बदल गए हैं और पार्टी को अपनी माइक्रो-कम्युनिकेशन रणनीति अपने विरोधियों से बेहतर बनानी होगी। दुष्प्रचार और गलत सूचनाओं से लड़ने के तरीके भी खोजने होंगे। हमें पिछले परिणामों से सबक लेकर आगे बढ़ना होगा। कमियों को दूर करना होगा। उन्होंने कहा कि कड़े फैसले आत्मविश्वास के साथ लेने होंगे। उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान माहौल कांग्रेस के पक्ष में था, लेकिन सिर्फ अनुकूल माहौल जीत की गारंटी नहीं है।

उन्होंने कहा कि हमें माहौल को नतीजों में बदलना सीखना होगा। क्या कारण है कि हम माहौल का फायदा नहीं उठा पा रहे हैं। हमें बूथ स्तर तक अपने संगठन को मजबूत करना होगा। मतदाता सूची बनाने से लेकर वोटों की गिनती तक हमें दिन-रात सतर्क, सावधान और सावधान रहना होगा।

## देश के 17 राज्यों में 4.75 करोड़ से अधिक लोगों की सिकल सेल एनीमिया की जांच की गई: नड्डा



**नई दिल्ली, 30 नवम्बर।** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे.पी. नड्डा ने शुक्रवार को लोकसभा को बताया कि 24 नवंबर तक 17 राज्यों के आदिवासी बहुल क्षेत्रों में रहने वाले 1,98,62,568 आदिवासी व्यक्तियों समेत 4.75 करोड़ से अधिक लोगों की सिकल सेल एनीमिया की जांच की गई है, जिनमें से 0.38 प्रतिशत इस रोग से पीड़ित पाए गए। नड्डा ने कहा कि कुल 4,75,42,776 लोगों की सिकल सेल एनीमिया जांच की गई, जिनमें से 1,80,610 यानी 0.38 प्रतिशत लोग इससे पीड़ित मिले। इसके अलावा, 12,54,034 लोगों में सिकल सेल रोग का कारण बनने वाले जीन मिले, हालांकि वे खुद इससे पीड़ित नहीं पाए गए। एक जुलाई, 2023 से शुरू हुए राष्ट्रीय सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन (एनएससीईएम) के तहत जिला अस्पतालों से लेकर आयुष्मान आरोग्य मंदिर (एएएम) स्तर तक स्वास्थ्य संस्थानों में स्क्रीनिंग की जाती है।

## एटीएस ने घुसपैठियों के लिये काम करने वाले सिंडिकेट के 11 सदस्यों को दबोचा

**लखनऊ, 30 नवम्बर।** आतंकवाद निरोधक दस्ता (एटीएस) ने बांग्लादेशियों को घुसपैठ कराने वाले सिंडीकेट के सक्रिय सदस्य रोहिंग्या मुसलमान अब्दुल्ला उर्फ अब्दुल सलाम मंडल को वाराणसी से गिरफ्तार किया है। अब्दुला पहचान बदलकर यहां लंबे समय से रह रहा था। अब्दुल्ला ने अवैध घुसपैठ कराकर हुई कमाई से बंगाल के पश्चिमी मेदनीपुर अपना मकान भी बनवा लिया है। मूल रूप से म्यांमार का रहने वाले अब्दुला के कब्जे से आधार कार्ड, पैन कार्ड, भारतीय निर्वाचन कार्ड, यूनएचआरसी का कार्ड, मोबाइल, तीन मेमोरी कार्ड व अन्य दस्तावेज बरामद हुए हैं।

अब्दुल्ला के साथ-साथ यूपी एटीएस ने मामले में अब तक 11 आरोपियों को गिरफ्तार कर चुका है। गिरोह के कुछ अन्य सदस्यों की तलाश भी तेज की गई है। गिरोह अवैध घुसपैठ कराने के साथ ही विदेशी फंडिंग से देश विरोधी गतिविधियों को भी बढ़ावा दे रहा था। एटीएस ने 11 अक्टूबर, 2023 को बांग्लादेश के मीरपुर निवासी आदिल मोहम्मद असरफी उर्फ आदिलुर्रहमान के अलावा बंगाल के निवासी नजीबुल शेख व अबु हुरायरा गाजी को गिरफ्तार कर बांग्लादेशी व रोहिंग्या की घुसपैठ कराने वाले गिरोह का राजफाश किया था। बताया गया है कि गिरोह के तार देवबंद (सहारनपुर) से भी जुड़े थे। नजीबुल व अबु हुरैरा देवबंद में ही शरण लिए हुए थे, जबकि बंगाल से देवबंद आ रहा गिरोह का सक्रिय सदस्य आदिलुर्रहमान को वाराणसी में गिरफ्तार किया गया था।

## दिल्ली में महिलाओं को 1,000 रुपये मासिक सहायता देने के लिए पंजीकरण जल्द शुरू होगा: केजरीवाल

**नई दिल्ली, 30 नवम्बर।** दिल्ली में आगामी विधानसभा चुनाव से पहले आम आदमी पार्टी (आप) प्रमुख अरविंद केजरीवाल ने शुक्रवार को कहा कि राष्ट्रीय राजधानी में महिलाओं को 1,000 रुपये मासिक मानदेय देने के लिए मुख्यमंत्री महिला सम्मान योजना के तहत पंजीकरण जल्द ही शुरू होगा।

उत्तर-पूर्वी दिल्ली के बुराड़ी में आप के पदयात्रा अभियान के दौरान इस योजना के बारे में केजरीवाल ने कहा कि आवेदक महिला राष्ट्रीय राजधानी की पंजीकृत मतदाता होनी चाहिए।

मार्च में प्रस्तुत वित्त वर्ष 2024-25 के अपने बजट में आप नीत सरकार ने मुख्यमंत्री महिला सम्मान योजना की घोषणा



की थी, जिसमें 2,000 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ 18 वर्ष से अधिक आयु की प्रत्येक पात्र महिला को 1,000 रुपये प्रति माह भुगतान करने का वादा किया गया।

केजरीवाल ने पदयात्रा के लिए एकत्रित महिलाओं से कहा, मैं आपके लिए काम कर रहा हूं...जल्द ही आपके खातों में 1,000 रुपये (प्रति माह) जमा हो जाएंगे। योजना के लिए पंजीकरण प्रक्रिया बहुत जल्द शुरू होगी। उन्होंने कहा, केवल एक शर्त है।

आवेदक को दिल्ली में पंजीकृत मतदाता होना चाहिए। जो नहीं हैं, उनकी स्थानीय विधायक मदद करेंगे। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर हमला करते हुए दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि पार्टी की 22 राज्यों में सरकारें हैं, फिर भी यह इनमें से किसी भी राज्य में लोगों को मुफ्त और निर्बाध बिजली, अच्छे स्कूल या गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने में असमर्थ है। केजरीवाल ने इस बार अपना चुनाव प्रचार आप नीत सरकार द्वारा दी जा रही छह मुफ्त सुविधाओं पर केंद्रित किया है।




## ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने विद्युत उपभोक्ताओं के लिए लागू की एकमुश्त समाधान योजना

- **तीन चरणों में 15 दिसंबर से 31 जनवरी, 2025 तक कुल 47 दिनों तक लागू रहेगी योजना**
- **योजना का लाभ लेने के लिए उपभोक्ताओं को पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा**

**सुरेश गांधी**

**वाराणसी।** नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने शनिवार को एकमुश्त समाधान योजना 2024-25 को लागू करने की घोषणा की। इस दौरान उन्होंने कहा कि योजना के तहत सभी श्रेणी के विद्युत उपभोक्ताओं को अपने विलंबित भुगतान अधिकार में छूट मिलेगी। उन्होंने उपभोक्ताओं से अपील की है कि योजना का लाभ लेने के लिए जल्दी आए और एकमुश्त भुगतान कर अपने बकाया बिलों में ज्यादा छूट का लाभ उठाएं।

ऊर्जा मंत्री ने बताया कि उपभोक्ताओं के लिए एकमुश्त समाधान योजना तीन चरणों में लागू होगी। यह योजना 15 दिसंबर, 2024 से 31 जनवरी, 2025 तक अर्थात कुल 47 दिनों तक लागू रहेगी। योजना का प्रथम चरण 15 दिसंबर से 31 दिसंबर तक कुल 16 दिन, दूसरा चरण 01 जनवरी से 15 जनवरी तक कुल 15 दिन, तीसरा चरण 16 जनवरी से 31 जनवरी तक कुल 16 दिन रहेगी। योजना का लाभ लेने के लिए उपभोक्ताओं को पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा। पंजीकरण के समय 30 सितंबर,2024 तक के विद्युत बिलों के मूल बकाए का 30 प्रतिशत राशि जमा करना



अनिवार्य होगा। उपभोक्ताओं को 30 सितंबर, 2024 तक के बकाया विद्युत बिलों के सरचार्ज में छूट मिलेगी।

उपभोक्ताओं को एकमुश्त भुगतान के साथ किस्तों में भी भुगतान का विकल्प मिलेगा। उपभोक्ताओं को 31 दिसंबर, 2024 तक योजना के प्रथम चरण में अपने विलंबित बिलों का एकमुश्त भुगतान करने पर उनके सरचार्ज में सर्वाधिक छूट मिलेगा। एक किलोवाट भार तक के घरेलू उपभोक्ताओं को योजना के प्रथम चरण में विलंबित बिलों के एकमुश्त भुगतान करने पर उनके सरचार्ज में शतप्रतिशत छूट का लाभ मिलेगा। किसानों को उनके निजी नलकूप में 31 मार्च, 2023 तक के उनके बकाए विद्युत बिलों के विलंबित भुगतान अधिभार में छूट का लाभ लेने के लिए 07 मार्च, 2024 से पंजीकरण कराए जा रहे हैं, जिन्हें अभी इस छूट का लाभ मिलता रहेगा। सभी प्रकार के उपभोक्ता अपने नजदीकी विभागीय खंड, उपखंड कार्यालय, कैश काउंटर, जनसेवा केंद्र के माध्यम से या विभागीय वेबसाइट पर लॉगिन कर योजना के लिए पंजीकरण कर सकते हैं। योजना अंतर्गत घरेलू (एलएमवी-1), वाणिज्यिक (एलएमवी-2), निजी संस्थान (एलएमवी-4बी), औद्योगिक (एलएमवी-6), और स्थायी विच्छेदित उपभोक्ता इसके दायरे में शामिल हैं। योजना का मुख्य उद्देश्य बिजली उपभोक्ताओं को राहत देना और विलंबित भुगतान अधिभार में छूट प्रदान करना है। इसके तहत उपभोक्ताओं को एकमुश्त भुगतान या किश्तों में भुगतान के विकल्प दिए गए हैं। योजना में पहले चरण में एकमुश्त भुगतान करने पर उपभोक्ताओं को शतप्रतिशत तक की छूट मिलेगी।






# प्रदूषण से बढ़ती मौतों के लिये कौन जिम्मेदार?


-ललित गर्ग

## राष्ट्रीय प्रदूषण नियंत्रण दिवस- 2 दिसम्बर, 2024

राष्ट्रीय प्रदूषण नियंत्रण दिवस हर साल 2 दिसंबर को मनाया जाता है। यह दिन प्रदूषण के हानिकारक प्रभावों के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए मनाया जाता है। इस दिन को मनाने का मकसद, प्रदूषण नियंत्रण तकनीकों, नीतियों, और प्रदूषण को कम करने के महत्व पर ध्यान आकर्षित करना है। यह दिन भोपाल गैस त्रासदी में अपनी जान गंवाने वाले लोगों की याद में मनाया जाता है। यह त्रासदी 2-3 दिसंबर, 1984 की रात को हुई थी। इस त्रासदी में जहरीली गैस मिथाइल आइसोसाइनेट (एमआईसी) के कारण सैकड़ों लोगों की मौत हो गई थी। कहते हैं जान है तो जहान है, लेकिन भारत में बढ़ते प्रदूषण के कारण जान और जहान दोनों ही खतरे में हैं। देश एवं दुनिया की हवा में घुलते प्रदूषण का ह्यजहरह्ण अनेक बार खतरनाक स्थिति में पहुंच जाना चिन्ता का बड़ा कारण हैं। प्रदूषण की अनेक बंदिशों एवं हिदायतों के बावजूद प्रदूषण नियंत्रण की बात खोखली साबित हो रही है। यह कैसा समाज है जहां व्यक्ति के लिए पर्यावरण, अपना स्वास्थ्य या दूसरों की सुविधा-असुविधा का कोई अर्थ नहीं है। प्रदूषण के कारण जल, भूमि, और वायु प्रदूषित होता है, जिससे मौतें होती हैं, प्रदूषण से जीवन और स्वास्थ्य की गुणवत्ता प्रभावित होती है।

जीवन-शैली ऐसी बन गयी है कि आदमी जीने के लिये सब कुछ करने लगा पर खुद जीने का अर्थ ही भूल गया, इस गंभीर होती स्थिति को यूनिसेफ और अमेरिका के स्वतंत्र अनुसंधान संस्थान ह्यहेल्थ इफेक्ट्स इंस्टीट्यूटह्ण की साझेदारी में जारी रिपोर्ट ने बयां किया है, इस रिपोर्ट के आंकड़े परेशान एवं शर्मसार करने के साथ चिन्ता में डालने वाले हैं, जिसमें वर्ष 2021 में वायु प्रदूषण से 21 लाख भारतीयों के मरने की बात कही गई है। ज्यादा दुख की बात यह है कि मरने वालों में 1.69 लाख बच्चे हैं, जिन्होंने अभी दुनिया ठीक से देखी ही नहीं थी। निश्चय ही ये आंकड़े जहां व्यथित, चिन्तीत व परेशान करने वाले हैं। वहीं सरकार के नीति-नियंताओं के लिये यह शर्म का विषय होना चाहिए, लेकिन उन्हें शर्म आती ही कहा है? तनिक भी शर्म आती तो सरकारें एवं उनके कर्ता-धर्मा इस दिशा में गंभीर प्रयास करते। सरकार की नाकामयियों ही हैं कि जिन्दगी विषमताओं और विसंगतियों से घिरी होकर उसे कहीं से रोशनी की उम्मीद दिखाई नहीं दे रही है।

बढ़ता वायु प्रदूषण न केवल भारत के लिये बल्कि दुनिया के लिये एक गंभीर समस्या है। चीन में भी इसी कालखंड में 23 लाख लोग वायु प्रदूषण से मरे हैं। जहां तक पूरी दुनिया में इस वर्ष मरने वालों की कुल संख्या का प्रश्न है तो यह करीब 81 लाख बतायी जाती है। चिंता की बात यह है कि भारत व चीन में वायु प्रदूषण से मरने वालों की कुल संख्या के मामले में यह आंकड़ा वैश्विक स्तर पर 54 फीसदी है। जो हमारे तंत्र की विफलता, गरीबी और प्रदूषण नियंत्रण में शासन-प्रशासन की कोताही एवं लापरवाही को ही दर्शाता है। इसमें आम आदमी की लापरवाही भी कम नहीं है। आम आदमी को पता ही नहीं होता है कि किन प्रमुख कारणों से यह प्रदूषण फैल रहा है और किस तरह वे इससे बचाव कर सकते हैं। प्रश्न है कि आम आदमी एवं उसकी जीवनशैली वायु प्रदूषण को इतना बेपरवाह होकर क्यों फैलाती है? क्यों आदमी मृत्यु से नहीं डर रहा है? क्यों भयभीत नहीं है? देश की जनता दुख, दर्द और संवेदनहीनता के जटिल दौर से रूबरू है, प्रदूषण जैसी समस्याएं नये-नये मुखौटे ओढ़कर डराती है, भयभीत करती है। विडम्बना तो यह है कि विभिन्न राज्यों की सरकारें इस विकट होती समस्या का हल निकालने की बजाय राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप करती है, जानबूझकर प्रदूषण फैलाती है ताकि एक-दूसरे की छीछालेदर कर सके। दिल्ली सहित उत्तर भारत के ज्यादातर इलाकों में प्रदूषण बेहद खतरनाक स्थिति में बना रहता है। हालत ये बनते हैं कि कभी-कभी सांस लेना मुश्किल हो जाता है और लोगों को घरों में ही रहने को मजबूर होना पड़ता है। दिल्ली, नोएडा, गाजियाबाद, फरीदाबाद, गुरुग्राम में प्रदूषण का बड़ा कारण पड़ोसी राज्यों से आने वाला पराली का धुआं होता है। पराली के बाद पटाखों का धुआं भी बड़ी समस्या है, इसके अलावा सड़कों पर लगातार बढ़ते निजी वाहन, गुणवत्ता के ईंधन का उपयोग न होना, निर्माण कार्य खुले में होना, उद्योगों की घातक गैसों व धुएं का नियमन न होने जैसे अनेक कारण वायु प्रदूषण बढ़ाने वाले हैं। वहीं दूसरी ओर आवासीय कॉलोनियों व व्यावसायिक संस्थानों का विज्ञानसम्मत ढंग से निर्माण न हो पाना भी प्रदूषण बढ़ाने की एक वजह है। यह कैसी शासन-व्यवस्था है? यह कैसा अदालतों की अवमानना का मामला है? यह सभ्यता की निचली सीढ़ी है, जहां तनाव-ठहराव की स्थितियों के बीच हर व्यक्ति, शासन-प्रशासन प्रदूषण नियंत्रण के अपने दायित्वों से दूर होता जा रहा है।

यूनीसेफ की रिपोर्ट में वायु प्रदूषण से 1 लाख 69 हजार बच्चे जिनकी औसत आयु पांच साल से कम बतायी गई है, मौत के शिकार होते हैं। जानलेवा प्रदूषण का प्रभाव गर्भवती महिलाओं पर होने से बच्चे समय से पहले जन्म ले लेते हैं, इनका समुचित शारीरिक विकास सही ढ़ंग से नहीं हो पाता। इससे बच्चों का कम वजन का पैदा होना, अस्थमा तथा फेफड़ों की बीमारियां से पीड़ित होना हैं। हमारे लिये चिंता की बात यह है कि बेहद गरीब मुल्कों नाइजीरिया, पाकिस्तान, बांग्लादेश, इथोपिया से ज्यादा बच्चे हमारे देश में वायु प्रदूषण से मर रहे हैं। विडंबना यह है कि ग्लोबल वार्मिंग तथा जलवायु परिवर्तन के संकट ने वायु प्रदूषण से होने वाली मौतों की संख्या को बढ़ाया ही है। एक अरब चालीस करोड़ जनसंख्या वाले देश भारत के लिये यह संकट बहुत बड़ा है। दिल्ली सहित देश के कई महानगरों में प्रदूषण जीवन का अभिन्न हिस्सा बन गयी है।

हर कुछ समय बाद अलग-अलग वजहों से हवा की गुणवत्ता का स्तर ह्यबेहद खराबह्ण की श्रेणी में दर्ज किया जाता है और सरकार की ओर से इस स्थिति में सुधार के लिए कई तरह के उपाय करने की घोषणा की जाती है। हो सकता है कि ऐसा होता भी हो, लेकिन सच यह है कि फिर कुछ समय बाद प्रदूषण का स्तर गहराने के साथ यह सवाल खड़ा होता है कि आखिर इसकी असली जड़ क्या है और क्या सरकार की कोशिशें सही दिशा में हो पा रही है? इस विकट समस्या से मुक्ति के लिये ठोस कदम उठाने होंगे। सिर्फ दिल्ली ही नहीं, देश के कई शहर वायु प्रदूषण की गंभीर मार झेलते हैं। इसका पता तब ज्यादा चलता है जब वैश्विक पर्यावरण संस्थान अपने वायु प्रदूषण सूचकांक में शहरों की स्थिति को बताते हैं। पिछले कई सालों से दुनिया के पहले बीस प्रदूषित शहरों में भारत के कई शहर दर्ज होते रहे हैं। जाहिर है, हम वायु प्रदूषण के दिनोंदिन गहराते संकट से निपट पाने में तो कामयाब हो नहीं पा रहे, बल्कि जानते-बूझते ऐसे काम करने में जरा नहीं हिचकिचा रहे जो हवा को जहरीला बना रहे हैं।

चिंता की बात यह है कि मृत्यु दर का सबसे बड़ा कारण वायु प्रदूषण ही है। उसके बाद उच्च रक्तचाप, कुपोषण तथा तंबाकू सेवन से होने वाली मौतों का नंबर आता है। दरअसल, गरीबी और आर्थिक असमानता के चलते बड़ी आबादी येन-केन- प्रकारेण जीविका उपार्जन में लगी रहती है, उसकी प्राथमिकता प्रदूषण से बचाव के बजाय रोटी ही है। वहीं ढुलमुल कानूनों, तंत्र की काहिली तथा जागरूकता के अभाव में वायु प्रदूषण रोकने की गंभीर पहल नहीं हो पाती। मुश्किल यह है कि वायुमंडल के घनीभूत होने की वजह से जमीन से उठने वाली धूल, पराली की धुंध और वाहनों से निकलने वाले धुएं के छंटने की गुंजाइश नहीं बन पाती है। नतीजन, वायु में सूक्ष्म जहरीले तत्व घुलने लगते हैं और प्रदूषण के गहराने की दृष्टि से इसे खतरनाक माना जाता है। हमारा राष्ट्र एवं दिल्ली सहित अन्य राज्यों की सरकारें नैतिक, आर्थिक, राजनैतिक और सामाजिक एवं व्यक्तिगत सभी क्षेत्रों में मनोबल के दिवालिएपन के कगार पर खड़ी है। देश में वायु प्रदूषण से होने वाली मौतों के हेल्थ इफेक्ट्स इंस्टीट्यूट के आंकड़े इस वास्तविकता को उजागर करते हुए प्रदूषण की समस्या का कोई दीर्घकालिक और ठोस हल निकालने के लिये चेता रहे हैं। प्रदूषण को कम करने के लिए लोगों को जागरूक करना जरूरी है, विचार और योजनाएं बनानी चाहिए।

# अब भाजपा का अब मिशन दिल्ली


अशोक भाटिया

अगले दो-तीन महीने में दिल्ली में विधानसभा का चुनाव होना है। दिल्ली में विधानसभा चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस से मुख्यमंत्री का चेहरा कौन होगा, यह राजनीतिक हलकों में बड़ा सवाल है। दोनों ही दलों में इस सवाल को ही हर बार लगातार हो रहे नुकसान की वजह भी माना जा रहा है। कांग्रेस पूर्व मुख्यमंत्री शीला दीक्षित के कामकाज को आधार बना रही है और आम आदमी पार्टी पर हमलावर भी है। यहां भी इस पद के दावेदार का चेहरा गायब है। इसका संकट यह भी है कि अगर अंत में चुनावी गठबंधन हो जाता है तो इस स्थिति में कांग्रेस का पूरा गणित बिगड़ जाएगा क्योंकि हाल ही में हुए लोकसभा चुनाव में इसका नुकसान उठा चुकी है। अंदरखाने पार्टी में अभी भी गठबंधन में चुनाव मैदान में जाने का बड़ा डर भी चुनौती बना हुआ है।

इस समय राजधानी की सबसे हॉट सीटों में से एक सबकी नजर 'नई दिल्ली सीट' पर टिकी हुई है। यहां से दिल्ली के पूर्व सीएम और आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल चुनाव लड़ते हैं।ऐसे में इस बार भाजपा उन्हें कड़ी टक्कर देने की तैयारी कर रही है। इन्हीं तैयारियों के बीच भाजपा सूत्रों से जो खबर आ रही है कि पार्टी इस बार केजरीवाल के सामने एक कद्दावर और हिंदूवादी चेहरे को उतारने की तैयारी में है। यह पूर्व में विधायक और लोकसभा सांसद भी रहे हैं। इनके पिता राजधानी दिल्ली के पूर्व सीएम रहे हैं।सूत्रों के अनुसार पश्चिमी दिल्ली से दो बार सांसद रहे प्रवेश वर्मा विस चुनाव में नई दिल्ली क्षेत्र से केजरीवाल को चुनौती दे सकते हैं। नई दिल्ली विस क्षेत्र में उनकी सक्रियता से ऐसे संकेत मिल रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक, पूर्व सांसद प्रवेश वर्मा को भाजपा नई दिल्ली से केजरीवाल के सामने चुनाव मैदान में उतार सकती है।वर्मा ने नई दिल्ली विधानसभा क्षेत्र में कार्यकर्ताओं और नागरिकों के साथ बैठक और संवाद शुरू किया है। बीते कुछ दिनों में वो ऐसे चार-पांच कार्यक्रम कर चुके हैं। वर्मा पांचवीं विधानसभा में भी महरौली से विधायक चुने गए थे, लेकिन 2014 में भाजपा ने उन्हें पश्चिमी दिल्ली से लोकसभा प्रत्याशी बनाया था और वह जीते थे।

सूत्र बताते है कि केजरीवाल के सामने कोई भी चेहरा उतरे पर उसे मुख्यमंत्री का चेहरा घोषित नहीं किया जा सकता । देखने वाली बात यह है कि भाजपा ने एक साल के भीतर संपन्न हुए महाराष्ट्र, झारखंड, हरियाणा, तेलंगाना, राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनावों में भी मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार घोषित नहीं किया था। इनमें से 5 राज्यों में भाजपा को बड़ी जीत मिली जिसमें महाराष्ट्र भी शामिल है। पार्टी के सूत्रों का कहना है कि मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार घोषित न करने के पीछे कई कारण हैं। यह रणनीति अन्य राज्यों में लागू की गई सफल रणनीति के जैसे ही है। इससे आंतरिक मतभेदों को रोकने में मदद मिलती है और चुनावी फोकस व्यक्ति-केंद्रित अभियानों के बजाय नीतिगत मुद्दों पर रहता है। भाजपा ने 2015 के दिल्ली विधानसभा चुनाव में पूर्व आईपीएस अधिकारी किरण बेदी को मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार बनाया था। लेकिन पार्टी को सिर्फ तीन सीटों पर ही जीत मिली थी। 2013 में, भाजपा ने हर्षवर्धन को मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार बनाया था। पार्टी 32 सीटों के साथ सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी थी, लेकिन बहुमत से दूर रह गई थी। 28 सीटें जीतने वाली आम आदमी पार्टी ने कांग्रेस के आठ विधायकों के समर्थन से सरकार बनाई थी। हालांकि, यह सरकार सिर्फ 49 दिन ही चल पाई थी। पिछले विधानसभा चुनाव में भाजपा बिना मुख्यमंत्री का चेहरा घोषित किए ही चुनाव मैदान में उतरी थी, लेकिन उसे केवल आठ सीटें ही मिली थीं।

स्पष्ट है कि महाराष्ट्र चुनाव जीतने बाद भाजपा दिल्ली विधानसभा चुनाव में पूरी ताकत झोंकने जा रही है। ये ठीक है कि भाजपा को झारखंड में झटका लगा है, लेकिन हरियाणा के बाद महाराष्ट्र जीत लेने के बाद जोश बढ़ना तो स्वाभाविक ही है। लोकसभा चुनाव में मिले जख्मों के लिए लगातार दो चुनावों की जीत तो भाजपा के लिए बाम का ही काम कर रही होगी। लोकसभा चुनाव की बात करें, तो महाराष्ट्र में तो हरियाणा के मुकाबले काफी बुरा हाल हुआ था, लेकिन महाराष्ट्र की ऐतिहासिक जीत ने तो भाजपा नेतृत्व, नेताओं और कार्यकर्ताओं का हौसला बढ़ाकर नेक्स्ट लेवल पर पहुंचा दिया होगा।

दिल्ली की बात करें तो लोकसभा चुनाव में भाजपा ने लगातार तीसरी बार एक जैसी ही कामयाबी हासिल की है। दिल्ली की सभी सात लोकसभा सीटें भाजपा के पास ही हैं, और विधानसभा चुनाव का सबसे ज्यादा दबाव तो दिल्ली के सातों सांसदों पर ही है। गौरतलब है कि लोकसभा चुनाव के विपरीत विधानसभा चुनाव में भाजपा लगातार पिछड़ रही है। 2013 में भाजपा सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी जरूर थी, लेकिन उसने सरकार नहीं बनाने का फैसला किया था। तब भाजपा को 32 विधानसभा सीटें मिली थीं, लेकिन 2015 में दिल्ली की 70 विधानसभा सीटों में से वो 3 ही जीत पाई थी, 2020 में भाजपा के प्रदर्शन में सुधार जरूर आया लेकिन उसके 8 विधायक ही विधानसभा पहुंच पाये।

आप पार्टी के ग्राफ की बात करें तो और 2015 के नतीजों पर नजर डालें तो 70 में से 67 विधानसभा सीटें जीतने वाली अरविंद केजरीवाल की आम आदमी पार्टी ने 2020 में भी 62 सीटें जीती थी। बीते प्रदर्शनों के हिसाब से देखें तो सीटें घटने की सूरत में भी आम आदमी पार्टी के सत्ता में वापसी के चांस तो हैं, लेकिन जिस तरह जेल से छूट कर चुनाव कैंपेन का अरविंद केजरीवाल को कोई फायदा नहीं मिला, फिर से सरकार बनाना आसान नहीं लगता।

पिछले दो चुनावों में भाजपा भले ही फिसड्डी साबित हुई हो, लेकिन उसकी तरकश में कैलाश गहलोत जैसे तीर शामिल चुके हैं, जिसे अरविंद केजरीवाल के खिलाफ ही इस्तेमाल किया जाना है। और उसी खेमे से निकलीं स्वाति मालीवाल की मुहिम भी तो भाजपा के पक्ष में ही देखी जा सकती है। स्वाति मालीवाल भले ही भाजपा के साथ न आई हों, उसकी तकनीकी वजह भी हो सकती है क्योंकि वो आप की ही राज्यसभा सदस्य हैं, लेकिन उनका अभियान तो भाजपा के लिए मददगार ही माना जाएगा। स्वाति मालीवाल की मुहिम में भाजपा के कैंपेन की झलक देखी जा सकती है। मीडिया से बातचीत में भी भाजपा नेता बता रहे हैं, हम माइक्रो-लेवल पर मुद्दों को ध्यान से देख रहे हैं - और उन मुद्दों को ही बड़े स्तर पर उठाएंगे। अरविंद केजरीवाल का साथ छोड़ कर आये कैलाश गहलोत ने खुद ही मोर्चा संभाल लिया है, और भाजपा ने भी जिम्मेदारियां देनी शुरू कर दी है। कैलाश गहलोत चुनाव समन्वय समिति और भाजपा की चुनाव घोषणा पत्र समिति का सदस्य बनाया गया है।

दिल्ली चुनाव में भाजपा का हिंदुत्व और राष्ट्रवाद का एजेंडा पिछले दो चुनावों में तो बिलकुल नहीं चला है। पूरी तरह फेल होता आ रहा है। हिंदुत्व के साथ अरविंद केजरीवाल के खिलाफ भाजपा की तरफ से राष्ट्रवाद का एजेंडा भी चलाया गया, और 2020 में अरविंद केजरीवाल को आतंकवादी साबित करने की मुहिम भी चलाई गई थी।झारखंड में तो घुसपैठियों का मुद्दा नहीं चला, लेकिन महाराष्ट्र 'बंटेंगे तो कटेंगे' का असर हरियाणा जैसा ही हुआ है। अब दिल्ली की बारी है। दिल्ली में भाजपा के पक्ष में कांग्रेस का कैंपेन भी फायदेमंद साबित हो सकता है। ये तो हम देखते ही आ रहे हैं कि अरविंद केजरीवाल की पार्टी कांग्रेस के ही वोट काटकर आगे बढ़ती है, लेकिन दिल्ली चुनाव में तो कांग्रेस ही आम आदमी पार्टी के वोट काटती है। कांग्रेस भले ही बीते दो चुनावों में खाता भी नहीं खोल पाई हो, लेकिन अरविंद केजरीवाल के लिए तो मुसीबत लाने ही वाली है।

सुनने में आया है कि महाराष्ट्र में काम आया नुस्खा भाजपा दिल्ली में भी आजमाने जा रही है। जैसे महाराष्ट्र में लाडकी बहीण योजना का भाजपा के लिए फायदेमंद माना जा रहा है, दिल्ली में भी भाजपा महिलाओं के लिए डायरेक्ट कैश ट्रांसफर योजना पर लाये जाने पर विचार कर रही है। ये कदम अरविंद केजरीवाल के दिल्ली की महिलाओं को हर महीने 1000 रुपये देने की स्कीम को काउंटर करने के लिए ही होगा। मैनिफेस्टो को-आर्डिनेशन कमेटी से जुड़े भाजपा के नेता के हवाले से खबर आई है कि घोषणापत्र समिति महिलाओं के लिए एक विशेष कैश ट्रांसफर योजना तैयार करने जा रही है।हो सकता है, भाजपा ऐसे कुछ और भी योजनाओं पर विचार कर रही हो जिनका सामने आना बाकी है। हालांकि, अब तक अरविंद केजरीवाल की ऐसी योजनाओं को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रेवड़ी ही कहते आये हैं। भाजपा हमेशा ही अरविंद केजरीवाल के मुफ्त बिजली देने की योजना के खिलाफ रही है। भाजपा नेताओं का मानना है कि आम आदमी पार्टी पिछले 10 सालों से सत्ता विरोधी लहर का सामना कर रही है। इसलिए हम अबकि खर्च जैसे मुद्दों की लड़ाई बनाना चाहते हैं।भ्रष्टाचार दिल्ली में मुद्दा तो बनेगा ही, असर कितना होगा कहना मुश्किल है - क्योंकि झारखंड में तो कोई असर नहीं हुआ। अरविंद केजरीवाल की ही तरह झारखंड में हेमंत सोरेन भी जेल गये थे। दोनो में फर्क सिर्फ ये था कि हेमंत सोरेन मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने के बाद जेल गये थे, और अरविंद केजरीवाल ने जेल से लौटकर इस्तीफा दिया है। झारखंड में तो भ्रष्टाचार का मुद्दा नहीं चला, दिल्ली में क्या होता है देखना होगा। भले ही अरविंद केजरीवाल शराब घोटाले को लेकर भाजपा के खिलाफ हमलावर हैं, लेकिन इस मामले में कांग्रेस का व्यवहार भी उनके खिलाफ भाजपा जैसा ही है - और दिल्ली में तो भाजपा के साथ साथ कांग्रेस की भी कोशिश होगी, भ्रष्टाचार को मुद्दा बनाने की।आपको बता दे कि अबकी बार कांग्रेस व आप पार्टी का कोई गठबंधन नहीं होने वाला है।

# रोगमुक्त जीवन के लिए योग अद्भुत विधा


संजीव ठाकुर

योग स्वयं के माध्यम से स्वयं की यात्रा है। अवार्चीन भारतीय दर्शन शास्त्र की पाठशाला में एक महत्वपूर्ण एवं अद्भुत पाठशाला योग भी है' योग शब्द मूलतः संस्कृत की भाषा से उपजा शब्द है। योग शब्द की उत्पत्ति संस्कृत के शब्द 'युज,से हुई है इसके दो अर्थ है पहला अर्थ जोड़ना तथा दूसरा बहुत ही वृहद व्यापक शब्द अनुशासन है। योग से उसके अभ्यास के कारण शरीर तथा मस्तिष्क में एक सामंजस्य और संबंध बन जाता है, जिससे मस्तिष्क शांत तथा अनुशासित रहता हैं। यह व्यायाम का ही एक अंग है,जिससे शरीर तथा मन नियंत्रित रह कर जीवन को परिस्थितियों के अनुकूल एवं सफल बनाता है। योग स्वस्थ जीवन जीने का एक विज्ञान है। यह एक प्रकार की यौगिक औषधि है, वह हमारे शरीर के काम करने के तरीकों को धीरे-धीरे बेहतर कर शिथिल अंगों को स्वयं हल्के हल्के ठीक कर देता है।

निरोगी काया श्रेष्ठ जीवन का वरदान होती है। यदि आप निरोगी और स्वस्थ हैं तो आप सफलतम व्यक्ति बन सकते हैं धन लिप्सा आकांक्षा लालच से योग मुक्त कर एक खुशनुमा जीवन जीने की जीजिविषा तथा जुजुस्ता पैदा करता है। योग जीवन की एक कला है जो वर्तमान परिवेश में और भौतिक जगत में अत्यंत प्रासंगिक भी है। योग हमें शारीरिक तथा मानसिक रूप से स्वस्थ रखने का एक सशक्त माध्यम है हम सबको, आपको लगता है कि आज के आधुनिक जीवन में हमें एक बहुत अस्त व्यस्त तथा मानसिक असंतुलन वाली जीवन शैली मिली है। यह सभी अनियमित भोजन की आदतों, अभाव या अनुचित नींद या लंबे समय तक कठोर श्रम करने के कारण प्राप्त हुई है। नई पीढ़ी के बच्चे, युवा स्वस्थ जीवन शक्ति सार्वजनिक लचीलापन ऊर्जा और रोगों के लिए प्रतिरोधात्मक क्षमता की खोज में लगे हुए है,और सही सहीं माना जाए तो इन सब का जवाब योग अभ्यास में ही है।

योग के आसन प्राणायाम और ध्यान से संयमित शरीर और आत्मा के साथ संतुलित जीवन शैली को प्राप्त किया जा सकता है। और इस जीवन में हम अपने को शक्तिवान,ऊजार्वान महसूस करने लगते हैं। योगाभ्यास के जरिए न केवल बीमारियों से छुटकारा पाया जा सकता है बल्कि स्वयं के अंदर एक नई ऊर्जा का संचार भी किया जा सकता है। अपने बेडौल शरीर को भी योग अभ्यास के जरिए सही आकार में लाने का यह सर्वाधिक सुरक्षित आसान और कारगर तथा लागत विहीन जरिया है। योग्य के वैसे तो कर्म योग, भक्ति योग,ज्ञान योग, राजयोग और हठयोग भी अलग-अलग विभेद हैं, पर सभी पांचों योगों के अलग-अलग तरीके तथा अलग-अलग फायदे हैं।

कर्म योग सदैव दूसरों की सेवा के लिए प्रेरित करता है। और इसका मूल्य देश सामाजिक कल्याण यह समाज सेवा ही है। भक्ति योग हमें ईश्वर की साधना कैसे की जाए, यह पाठ पढ़ाता है ।भक्ति योग मनुष्य के अंदर हृदय तथा मस्तिष्क को संतुलित कर एक सकारात्मक ऊर्जा की ओर प्रेरित करता है।भक्ति योग एक प्रकार का मानसिक योग है जिससे मन शांत रहकर सहिष्णुता की उत्पत्ति होती है, यह अहिंसक मार्ग की ओर प्रेरित करता है। ज्ञान योग बुद्धि के विकास एकाग्रता बढ़ाने तथा समाजिक ज्ञान विज्ञान की प्रेरणा देते एवं अध्ययन मनन में मनुष्य की सहायता करता है। राजयोग सर्वाधिक प्रचलित कथा लोकप्रिय योग है। यह योग की सबसे महत्वपूर्ण विधा है इसमें यम, नियम, आसन, प्राणायाम,प्रत्याहार धारणा और ध्यान या समाधि इसमें परम आनंद की प्राप्ति या मोक्ष प्राप्ति की विधाओं के बारे में विस्तृत वर्णन है।

योग का इतिहास पांच सौ साल पुराना है। पश्चिमी देशों के लोगों का परिचय योग से तब हुआ जब स्वामी विवेकानंद ने अपने शिकागो की यात्रा के समय लोगों को योग के महत्व के बारे में व्यापक रूप से बताया था। इसके बाद पूरे विश्व में योग के प्रचार प्रसार के लिए कई योग गुरु ने अनथक प्रयास कर योग को विश्वव्यापी फलक पर विराजमान किया। पहली बार अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून 2015 को मनाया गया। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने इसकी पहल कर 27 सितंबर 2014 को संयुक्त राष्ट्र संघ की आम सभा में अपने भाषण में उल्लेख कर इसे प्रतिपादित किया। उन्होंने अपने भाषण में कहा था कि योग शारीरिक तथा मानसिक सामंजस्य का अद्भुत सहयोग तथा तरीका है। यह मनुष्य तथा प्रकृति के बीच का एक सामंजस्य स्थापित करने वाला अद्भुत से सेतु है। और तब 11 दिसंबर 2014 को संयुक्त राष्ट्र संघ में उसके 177 सदस्यों द्वारा 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाने की सहमति देकर इस प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की थी। इस प्रस्ताव को बहुत ही कम समय में मंजूरी प्रदान कर दी गई, जो कि संयुक्त राष्ट्र संघ के इतिहास की सबसे कम समय में दी गई मंजूरी थी।

योग के वैसे तो अनगिनत फायदे हैं। और हम यह कह सकते हैं कि योगाभ्यास ईश्वर द्वारा मानव सभ्यता को दिया गया अप्रतिम उपहार है। योग किसी चमत्कार से कम नहीं।जिन असाध्य बीमारियों का वर्तमान चिकित्सा पद्धति से इलाज नहीं हो पाता,योग उन बीमारियों को शनै शनै उपचार कर ठीक कर देता है। यह शारीरिक मानसिक शांति ऊर्जा शक्ति तो देता ही है, साथ में हमें आत्म संयम, आत्मबल तथा आत्मज्ञान से भी रूबरू कराता है। योग बहुत ही आसान व्यायाम है,यह दैनिक क्रियाओं के साथ स्वस्थ शरीर और मन की क्रिया है। नाड़ी शोधन, कपालभाति, शीतली, अनुलोम विलोम जैसी क्रियाओं से शरीर में प्राण वायु की संतुलित मात्रा बढ़ती है, एवं स्नायु तंत्र मजबूत होता है। कोरोना संक्रमण काल मे कपालभाति,अनुलोम विलोम, नाड़ी शोधन शरीर में ऑक्सीजन की मात्रा बढ़ाने के कारगर उपायों में गिना जाता रहा है, और इसने मरीजों की बहुत मदद भी की है। योग से रोगों की तीव्रता कम हो जाती है, तथा कई रोगों से छुटकारा भी मिल जाता है ।अतः आप सभी को योग दिवस की शुभकामनाएं स्वस्थ रहें मस्त रहें निरोगी रहें।

# एशिया में चीन के सैन्य प्रभुत्व से उत्पन्न चुनौतियाँ


-प्रियंका सौरभ

एशिया में चीन के बढ़ते सैन्य प्रभुत्व ने क्षेत्रीय सुरक्षा परिदृश्य को काफी बदल दिया है, जिससे उसके पड़ोसियों में चिंता पैदा हो गई है। उन्नत सैन्य क्षमताओं, रणनीतिक बुनियादी ढांचा परियोजनाओं और मुखर क्षेत्रीय दावों के साथ, चीन ने पूरे हिंद-प्रशांत क्षेत्र में अपना प्रभाव बढ़ाया है। इसने क्षेत्रीय स्थिरता के लिए गंभीर चुनौतियाँ खड़ी कर दी हैं, जिससे भारत जैसे देशों को अपने हितों की रक्षा करने और शांति बनाए रखने के लिए रणनीतिक प्रतिक्रिया की आवश्यकता है।

एशिया में चीन के सैन्य प्रभुत्व द्वारा उत्पन्न चुनौतियाँ क्षेत्रीय विवाद और विस्तारवाद हैं। एशिया में चीन के सैन्य प्रभुत्व से उत्पन्न चुनौतियाँ दक्षिण चीन सागर और भारत-चीन सीमा पर चीन के क्षेत्रीय दावे क्षेत्रीय स्थिरता को चुनौती देते हैं, जिससे अक्सर सैन्य टकराव होते रहते हैं। दक्षिण चीन सागर में चीन के नाइन-डैश लाइन के दावे के कारण कई दक्षिण पूर्व एशियाई देशों के साथ विवाद पैदा हो गया है, जिससे नेविगेशन की स्वतंत्रता और क्षेत्रीय शांति कमजोर हो गई है। चीन की बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (बीआरआई) ने प्रमुख क्षेत्रों में सैन्य संपत्तियों के निर्माण की अनुमति दी है, जिससे पड़ोसी देशों के पास उसकी सैन्य उपस्थिति बढ़ गई है। जिबूती में एक सैन्य अड्डे और श्रीलंका और पाकिस्तान में रणनीतिक बंदरगाहों के निर्माण से हिंद महासागर क्षेत्र में चीन का प्रभाव बढ़ता है, जिससे भारत की सुरक्षा चिंताएँ प्रभावित होती हैं। चीन का नौसैनिक विस्तार और सैन्य आधुनिकीकरण इंडो-पैसिफिक में शक्ति संतुलन के लिए सीधी चुनौती है, जहाँ जापान, ऑस्ट्रेलिया और भारत जैसे देश चिंतित हैं। इंडो-पैसिफिक में चीन की बढ़ती नौसैनिक उपस्थिति और ताइवान स्ट्रेट और मलक्का स्ट्रेट के पास लगातार सैन्य अभ्यास ने क्षेत्रीय सुरक्षा के बारे में चिंता बढ़ा दी है। चीन की सैन्य ताकत अक्सर उसके आर्थिक प्रभाव के साथ-साथ चलती है, जिसका उपयोग वह क्षेत्रीय प्रभुत्व को सुरक्षित करने और छोटे देशों की रणनीतिक स्वायत्तता को सीमित करने के लिए करता है। श्रीलंका में चीन की ऋण-जाल कूटनीति, हिंद महासागर में इसकी सैन्य उपस्थिति के साथ मिलकर, इस बात पर प्रकाश डालती है कि कैसे आर्थिक निर्भरता सैन्य उत्तोलन में तब्दील हो सकती है। चीन का सैन्य निर्माण उसके पड़ोसियों के लिए एक निवारक के रूप में कार्य करता है, जिससे वे चीनी आक्रामकता का सामना करने में झिझकते हैं, जो क्षेत्रीय सुरक्षा को बाधित कर सकता है। भारत और चीन के बीच 2017 का डोकलाम गतिरोध क्षेत्रीय दावों पर जोर देने के लिए चीन द्वारा सैन्य मुद्रा का उपयोग करने का उदाहरण है, जिससे अपने क्षेत्रीय पड़ोसियों के साथ भारत के सम्बंधों पर असर पड़ा।

चीन के सैन्य प्रभुत्व के प्रति भारत की प्रतिक्रिया राष्ट्रीय हितों की रक्षा करते हुए रणनीतिक गठबंधनों को मजबूत कर रही है। भारत ने विशेष रूप से भारत-प्रशांत क्षेत्र में चीन के बढ़ते प्रभाव का मुकाबला करने के लिए रणनीतिक गठबंधन बनाने पर ध्यान केंद्रित किया है। अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया के साथ क्वाड (चतुर्भुज सुरक्षा वार्ता) में भारत की भागीदारी सैन्य सहयोग को मजबूत करती है और चीन के मुखर व्यवहार के लिए सामूहिक प्रतिक्रिया सुनिश्चित करती है। भारत को चीनी आक्रामकता को प्रभावी ढंग से रोकने के लिए अपनी रक्षा क्षमताओं को बढ़ाना चाहिए, खासकर साइबर युद्ध, अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी और मिसाइल रक्षा जैसे क्षेत्रों में। रूस से भारत की एस-400 मिसाइल प्रणाली की खरीद और ब्रह्मोस मिसाइल विकास चीन की बढ़ती मिसाइल और वायु शक्ति के खिलाफ इसकी रक्षा को मजबूत करता है। आर्थिक आत्मनिर्भरता और रणनीतिक साझेदारी भारत को राष्ट्रीय सुरक्षा को बढ़ावा देने, चीन के आर्थिक उत्तोलन के प्रति अपनी भेद्यता को कम करने में मदद कर सकती है। आत्मनिर्भर भारत पहल भारत को महत्त्वपूर्ण रक्षा प्रौद्योगिकियों के लिए चीन पर निर्भरता कम करते हुए स्वदेशी रक्षा उत्पादन पर ध्यान केंद्रित करने के लिए प्रोत्साहित करती है। हिंद महासागर में चीन की बढ़ती नौसैनिक उपस्थिति का मुकाबला करने के लिए अपनी समुद्री सीमाओं को सुरक्षित करने और नौसैनिक क्षमताओं को बढ़ाने पर भारत का ध्यान महत्त्वपूर्ण है। भारत ने चीन के प्रभाव का मुकाबला करने के लिए हिंद महासागर और दक्षिण चीन सागर में नेविगेशन की स्वतंत्रता पर ध्यान केंद्रित करते हुए जापान और ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों के साथ नौसैनिक सहयोग को मजबूत किया है। भारत को दक्षिण पूर्व एशियाई देशों के साथ सम्बंधों को मजबूत करने के लिए सॉफ्ट पावर का उपयोग करते हुए चीन की विस्तारवादी नीतियों के खिलाफ क्षेत्रीय सहमति बनाने के लिए राजनयिक प्रयासों में भी शामिल होना चाहिए। आसियान मंचों पर भारत की सक्रिय भूमिका और इसकी एक्ट ईस्ट नीति दक्षिण पूर्व एशिया के साथ घनिष्ठ सम्बंधों को बढ़ावा देती है, जिससे क्षेत्र में चीन के आर्थिक और सैन्य प्रभुत्व का मुकाबला होता है। चीन के सैन्य प्रभुत्व के प्रति भारत की प्रतिक्रिया क्षेत्रीय स्थिरता को बढ़ावा देते हुए बहुपक्षीय सहयोग को प्रोत्साहित कर रही है। भारत को क्षेत्रीय सुरक्षा चिंताओं को दूर करने और भारत-प्रशांत देशों के बीच बातचीत को प्रोत्साहित करने के लिए बहुपक्षीय ढांचे को बढ़ावा देना चाहिए। पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन और शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) में भारत की भागीदारी चीन के प्रभाव का मुकाबला करने सहित सुरक्षा मुद्दों पर सहयोग को बढ़ावा देती है। भारत बाहरी दबावों के खिलाफ अपनी संप्रभुता का दावा करने में छोटे देशों का समर्थन करके क्षेत्रीय स्वायत्तता और आत्मनिर्भरता को मजबूत कर सकता है। एमजीसी (मेकांग-गंगा सहयोग) जैसी परियोजनाओं के माध्यम से चीनी आर्थिक प्रभाव का विरोध करने में श्रीलंका और नेपाल को भारत का समर्थन स्वायत्तता को बढ़ावा देने का उदाहरण है। भारत को क्षेत्रीय तनाव कम करने के लिए रक्षा खर्च और सैन्य गतिविधियों में पारदर्शिता के महत्त्व पर जोर देना चाहिए। भारत का खुला रक्षा बजट और संयुक्त राष्ट्र शांति मिशनों में भागीदारी क्षेत्रीय विश्वास में योगदान करती है और संघर्ष के जोखिम को कम करती है। समावेशी आर्थिक विकास को बढ़ावा देकर और समान विकास सुनिश्चित करके, भारत चीन की आर्थिक जबरदस्ती का मुकाबला कर सकता है और अधिक स्थिर क्षेत्रीय सम्बंध बना सकता है। बुनियादी ढांचे में सुधार और आसियान देशों के साथ व्यापार को बढ़ावा देने पर भारत का ध्यान चीनी परियोजनाओं पर उनकी निर्भरता को कम करता है। भारत को क्षेत्र में स्थिरता बनाए रखने के लिए राजनयिक चैनलों के माध्यम से शांतिपूर्ण संघर्ष समाधान तंत्र को सक्रिय रूप से बढ़ावा देना चाहिए। भारत-चीन सीमा वार्ता में भारत की भागीदारी और दक्षिण चीन सागर विवादों पर आसियान के नेतृत्व वाली बातचीत का समर्थन क्षेत्रीय शांति के प्रति उसकी प्रतिबद्धता का उदाहरण है।

**भारत अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा करते हुए और क्षेत्रीय स्थिरता को बढ़ावा देते हुए एशिया में चीन के सैन्य प्रभुत्व का जवाब कैसे दे सकता है। जैसे-जैसे वैश्विक शक्ति की गतिशीलता बदलती है, भारत जैसे देशों को क्षेत्रीय स्थिरता को बढ़ावा देने के लिए राजनयिक और रक्षात्मक उपायों में संलग्न रहना जारी रखना चाहिए। रणनीतिक साझेदारी, रक्षा क्षमताओं के आधुनिकीकरण और राजनयिक जुड़ाव के सही संयोजन के साथ, भारत शांतिपूर्ण और स्थिर एशिया में योगदान करते हुए अपने हितों को सुरक्षित कर सकता है।**

जैसे-जैसे वैश्विक शक्ति की गतिशीलता बदलती है, भारत जैसे देशों को क्षेत्रीय स्थिरता को बढ़ावा देने के लिए राजनयिक और रक्षात्मक उपायों में संलग्न रहना जारी रखना चाहिए। रणनीतिक साझेदारी, रक्षा क्षमताओं के आधुनिकीकरण और राजनयिक जुड़ाव के सही संयोजन के साथ, भारत शांतिपूर्ण और स्थिर एशिया में योगदान करते हुए अपने हितों को सुरक्षित कर सकता है।

# अपराधियों के खिलाफ हो कठोर कार्रवाई: आईजी

## आईजी वाराणसी मोहित गुप्ता ने किया कोतवाली शाहगंज का निरीक्षण, कोतवाली पुलिस की कार्यशैली पर जताया असंतोष

**शिव कुमार प्रजापति**

शाहगंज,जौनपुर( उत्तरशक्ति)। वाराणसी मंडल के पुलिस महानिरीक्षक मोहित गुप्ता ने शनिवार को शाहगंज कोतवाली का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने परेड कर सलामी ली। साथ ही जवानों का टर्नआउट एवं ड्रील को भी देखा। उन्होंने कोतवाली परिसर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मौजूद पुलिसकर्मी, होमगार्ड तथा चौकीदारों का परिचय जाना तथा उनसे क्षेत्र के जनहित समस्याओं के बारे में रूबरू हुए। उन्होंने कहा कि थाने में आये सभी फरियादियों के साथ अच्छा व्यवहार करें। प्राप्त प्रार्थना पत्र का तुरंत निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें। इसके बाद वह अपराध गोष्ठी में शांति व्यवस्था बनाए रखने और अपराधियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किए। आईजी मोहित गुप्ता ने समीक्षा बैठक में ग्राम चौकीदारों को उनके कर्तव्यों का पाठ पढ़ाया और बताया कि घटना होने से पहले सूचना दें। सर्किल पुलिस की कार्यशैली से आईजी मोहित गुप्ता ने असंतोष जाहिर किया।

### नवजात शिशु लिए महिला ने डेढ़ माह से पति के गायब होने का लगाया आरोप, आईजी ने दिया एफआईआर दर्ज करने का निर्देश






और सख्त निर्देश देते हुए कहा कि सर्किल की पुलिस सो रही है। बैठ के चौकी पर पंचायत करती हैं। ऐसे निष्क्रिय दरोगा की जरूरत विभाग को नहीं है। प्रेस वार्ता में आईजी मोहित गुप्ता ने पत्रकारों के अपराध संबंधी सवालों को जानकारी न होने का हवाला देते हुए टालते गए। ज्ञात हो कि विगत कुछ दिन पूर्व कोतवाली के शौचालय के अंदर मटरू बिंद की फांसी लगाने से मौत हो गई थी एवं पिछले दिनों प्रेमी युगल पुलिस कस्टडी से फरार भी हो गए थे। ऐसे कई मामले शाहगंज कोतवाली के अंदर से सोशल मीडिया सहित प्रशासनिक अमला का बेचैन बढ़ा दिया था। जैसे ही आईजी मोहित गुप्ता का वाहन निरीक्षण करने के बाद बाहर निकला तो ढ़ढ़वारा कला निवासी महिला अपने नवजात शिशु के साथ एवं अपने सास के साथ पुलिस महानिरीक्षक की गाड़ी रुकवा कर अपने पति के गायब होने की जानकारी दी। रीमा नामक महिला ने कहा कि मेरे पति डेढ़ माह से गायब हैं परंतु कोतवाली पुलिस अभी तक बरामद नहीं की है। हमें डर है कि कहीं मेरे पति की हत्या ना हो गई हो। कोतवाली का भोजनालय पत्रावली ऑफिस सहित तमाम स्थल का निरीक्षण करने के बाद आईजी मोहित गुप्ता पुलिस वाहन का भी निरीक्षण किया और निरीक्षण में वाहन की खामियों को देख भड़क गए और तत्काल उसे दुरुस्त करने का दिशा निर्देश दिया। सुरक्षा के दृष्टि से कोतवाली चौराहे से कोतवाली रोड का रास्ता वाहनों हेतु प्रतिबंधित कर दिया गया था उक्त अवसर पर पुलिस अधीक्षक डॉक्टर अजय पाल शर्मा क्षेत्राधिकार अजीत सिंह चौहान कोतवाली प्रभारी दीपेंद्र सिंह अंगद प्रजापति सहित तमाम स्थानों की फोर्स तैनात रही।

# सभासदों ने पुलिस महानिरीक्षक को सौंपा ज्ञापन



विशाल सोनी

शाहगंज,जौनपुर उत्तरशक्ति)। कोतवाली शाहगंज निरीक्षण आये पुलिस महा निरीक्षक मोहित गुप्ता को नगर पालिका के आधा दर्जन सभासदों ने मिलकर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा की पुराना चौक स्थित सरकारी सस्ते गल्ले की दुकान पर धांधली का शिकायत किया था।जिसपर जांच हुई और आरोप सही पाए जाने पर उक्त सरकारी सस्ते गल्ले की दुकान को निरस्त कर दिया गया था। सभासदों ने आरोप लगाया की घटना क्रम के बाद रंजिशन शिवकुमार प्रथम और उनके पुत्र प्रशांत अग्रहरि अक्सर मारपीटने की धमकी देते रहते हैं।और तो और फर्जी तरीके से न्यायालय में मुकदमा भी दर्ज कराया। सभासदों ने आगे आरोप लगाया की उक्त पिता पुत्र अब 376 के मुकदमे में फर्जी ढंग से फसाये जाने की धमकी दे रहे हैं। सभासदों की शिकायत पर पुलिस महा निरीक्षक मोहित गुप्ता ने प्रभारी निरीक्षक दीपेंद्र सिंह को मामले की जांच कर आआवश्यक कार्यवाई के निर्देश दिये। उक्त मौके सभासद अर्पित जायसवाल, गणेश चौहान, श्रेयांश गुप्ता, रामप्रसाद मोदनवाल, अखिलेश यादव मौजूद रहे।

# पांच गुमटी का ताला तोड़ हजारों रुपए की चोरी

**धर्मेंद्र कुमार शर्मा**

बदलापुर,जौनपुर (उत्तरशक्ति)। कोतवाली क्षेत्र के घनश्यामपुर पुलिस चौकी के अंतर्गत घनश्यामपुर बाजार में बीती रात्रि अज्ञात चोरों ने पांच गुमटी का ताला तोड़कर नकदी सहित हजारों रुपए के सामान चोरी कर लिया। सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है। जानकारी के मुताबिक घनश्यामपुर पुलिस चौकी से लगभग दो सौ मीटर उत्तर दिशा में बदलापुर-शाहगंज मार्ग के किनारे स्थित पंचम शर्मा, लाल साहब शर्मा, सुरेश शर्मा के सैलून की दुकान में तथा मंगला यादव के पान की दुकान में तथा रमेश रजक की कपड़ा इस्तरी की दुकान में बीती रात्रि अज्ञात चोरों ने गुमटी का ताला तोड़कर नकदी सहित हजारों रुपए के सामान चोरी कर लिया। दुकान पर पहुंचने पर शनिवार की सुबह दुकानदार राम लोचन को चोरी के बारे में पता लगा तो उन्होंने इसकी सूचना पुलिस को दिया। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है। पुलिस चौकी से लगभग दो सौ मीटर दूरी पर हुए चोरी की घटना ने पुलिस के रात्रि गश्त की पोल खोल कर रख दिया है।

# होली चाईल्ड एकेडमी में मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष मनोरमा मौर्य की मौजूदगी में हुआ यातायात माह का समापन

## जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक जौनपुर के द्वारा हुआ यातायात का समापन

## यातायात माह में वसूला 16,93000 रुपये शुल्क

## यातायात माह में हेलमेट न पहने पर 33594 लोगों का हुआ चालान

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। 30 नवम्बर को जिलाधिकारी जौनपुर व पुलिस अधीक्षक जौनपुर के द्वारा यातायात माह नवम्बर 2024 जागरुकता माह का समापन, विद्यालयों के बच्चों, व यातायात माह में सराहनीय कार्य करनें वाले अधि0/कर्मचारीगण को पुरस्कार वितरण के साथ किया गया।शनिवार को यातायात माह का समापन होली चाईल्ड एकेडमी जौनपुर में मुख्य अतिथि श्रीमती मनोरमा मौर्य (नगरपालिका अध्यक्ष जौनपुर), ज्ञानप्रकाश सिंह (समाजसेवी) दिनेश सिंह (अध्यक्ष बस एसोसिएसन), विवेक श्रीवास्तव- (साल्वेशन हास्पिटल), डॉ0 अलोक यादव- (एम0डी0 दुर्गा सिटी हास्पिटल), डॉ0 सुरेश विश्वकर्मा (उजाला हास्पिटल), सूरज सेठ (सिद्धविनायक ज्वैलर्स), अमरिश मौर्या (यथार्थ मेडिकल) पंकज शुक्ला (शुक्ला ट्रान्सपोर्ट कम्पनी), सलमान शेख (नाट्य कलाकार / हेलमेट लघु फिल्म डायरेक्टर), प्रदीप (ताईक्वान्डो -सिविल डिफेन्स), आनन्द स्वरुप चतुर्वेदी (दैनिक जागरण ब्यूरोचीफ), रुद्र प्रताप सिंह (हिन्दुस्तान ब्यूरोचीफ), सुजीत शुक्ला (अमर उजाला ब्यूरोचीफ), डॉ.इम्तियाज अहमद सिद्दीकी (उत्तरशक्ति हिन्दी दैनिक ब्यूरोचीफ), रियाजुल हक (उत्तरशक्ति न्यूज ज़िला क्राइम रिपोर्टर), जय आनन्द (दैनिक आज ब्यूरोचीफ) की मौजूदगी में कार्यक्रम की अध्यक्षता एवं संचालन जिलाधिकारी जौनपुर डा० दिनेश चन्द्र, पुलिस अधीक्षक जौनपुर डॉ0 अजय पाल शर्मा, अपर पुलिस अधीक्षक नगर अरविन्द वर्मा, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामिण शैलेन्द्र कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी यातायात देवेश सिंह, प्रतिसार निरीक्षक अनुपम सिंह, प्रभारी निरीक्षक यातायात जी0डी0 शुक्ला, के द्वारा दीप प्रज्जलवन किया गया।तत्पश्चात पुरस्कार वितरण कार्यक्रम के अवसर पर यातायात माह में प्रचार-प्रसार में सराहनीय कार्य व योगदान करने वाले स्कूलों के प्राधानाचार्य व उन स्कूलों के छात्र-छात्राओं, व एन.सी.सी के स्काउट कैडेट, को मुख्य अतिथि द्वारा सम्मानित करते हुए उत्साहवर्धन किया गया। जिसमें (1) हरिहर पब्लिक स्कूल, कुल्हनामऊ जौनपुर (2) हरिहर इण्टरनेशनल स्कूल, उमरपुर जौनपुर (3) महाराणा प्रताप इण्टरमीडिएट कालेज रामदयालगंज जौनपुर(4) जनक कुमारी इण्टर कालेज, हुसैनाबाद जौनपुर (5) मो0 हसन इ0कालेज जौनपुर (6) राष्ट्रीय पब्लिक इण्टर कालेज हुसेपुर कबूलपुर जौनपुर (7) माउण्ट लिट्रा जी स्कूल रामदयालगंज, जौनपुर (8) द सनराइज पब्लिक स्कूल भकुरा, जौनपुर (9) तिलकधारी सिंह इ0कालेज जौनपुर (10) शकुन्तला सेण्टर एकेडमी अम्बेडकर तिराहा ,जौनपुर (11) मां दुर्गा सीनियर सेकेंडरी विद्यालय सिद्धिकपुर, जौनपुर (12) श्रीमती गुलाबी देवी इण्टर कालेज, कन्हइपुर जौनपुर (13) नेहरु बालोध्यान, कन्हईपुर जौनपुर (14) रजा सिया इण्टर कालेज,जौनपुर (15) सनराइज इण्टरनेशनल स्कूल राजापुर मड़ियाहू जौनपुर (16) राजा श्री कृष्णदत्त इ0कालेज जौनपुर (17) डॉ0 राममनोहर लोहिया सीनियर सेकेडरी स्कूल कलिचाबाद, जौनपुर (18) लायल वंडर स्कूल मछलीशहर, जौनपुर (19) होली चाइल्ड एकेडमी जौनपुर (20) जनक कुमारी इण्टर कालेज, हुसैनाबाद जौनपुर(21) बलराम यादव जनसेवा इ0कालेज कलीचाबाद, जौनपुर (22) राष्ट्रीय पब्लिक इ0कालेज हुसेपुर जौनपुर (23) आर0एन टैगोर सीनियर सेकेडरी स्कूल, जौनपुर (24) एन0सी0सी0 98 बटालियन जौनपुर, विद्यालय/शिक्षण संसथान के प्रधानाचार्य व 700 बच्चें शामिल थे । साथ ही साथ यातायात माह 2024 के दौरान सराहनीय योगदान के लिये यातायात व थाने से अधि0/ कर्मचारीगण को तथा प्रिन्ट मिडिया व इलेक्ट्रानिक मिडिया के पत्रकार साथियों को भी पुरस्कृत किया गया । यातायात माह 2024 के दौरान सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु पुरे माह जागरूकता अभियान के अंतर्गत जनपद जौनपुर के थानों एवं यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का प्रचार प्रसार करते हुए आम जनता को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करते हुए पंपलेट, हैंडबिल व स्टिकर वितरित किए गए एवं सार्वजनिक स्थानों पर होर्डिंग तथा बैनर लगवाए गए।शीत ऋतु में कोहरे में दृश्यता के अभाव होने वाली सड़क दुर्घटनाओं के निर्मूलन हेतु मालवाहक वाहनों, ट्रैक्टर ट्रालियों में निशुल्क रेट्रो रिफ्लेक्टर टेप लगवाए गए तथा राजमार्गों पर सड़क के किनारे वाहन खड़ा करके दुर्घटना का कारण बनने वाले वाहनों को राजमार्ग के किनारो से हटवाया गया, न मानने वालों के विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम के अंतर्गत प्रवर्तन की कार्यवाही भी की गई, इसके अतिरिक्त जौनपुर शहर में बाजार तथा सार्वजनिक मार्गों स्कूलों एवं सड़कों के किनारे वाहन खड़ा करके जाम का कारण बनने वाले वाहनों को हटवाया गया। चेतावनी दी गई साथ ही उनके विरुद्ध प्रवर्तन की कार्रवाई भी की गई। तथा यातायात नियमों अनुपालन न करने वालों के विरुद्ध निम्नलिखित प्रवर्तन की कार्रवाई किया गया। यातायात माह नवम्बर 2024 मे किया गया प्रवर्तन की कार्यवाही का सम्पुर्ण विवरणःयातायात माह में कूल वाहनों का हुआ चालान-43792 यातायात माह वसूला गया शमन शुल्क-16,93000/ यातायात माह में हेलमेट न पहने पर हुआ चालान -33594 यातायात माह में बाइक पर तीन सवारी का चालान -3507 यातायात माह बिना सीट बेल्ट लगाए कार का चालान -1685 यातायात माह में अवैध पार्किंग में चालान-3689 यातायात माह में फाल्ट नम्बर प्लेट का चालान-655।


















# अब बीएचयू में मिलेगी बीमारियों से बचाव की जानकारी

**2-3 दिसंबर को स्वास्थ्य मेले का होगा आयोजन**

वाराणसी (उत्तरशक्ति)। आईएमएस बीएचयू के वार्षिकोत्सव में दो-तीन दिसंबर को स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया है। संस्थान परिसर में लगने वाले इस मेले में आने वाले लोगों को बीमारियों से बचाव के प्रति जागरूक किया जाएगा। साथ ही एक ही छत के नीचे आधुनिक चिकित्सा, आयुर्वेद चिकित्सा और दंत चिकित्सा से जुड़ी जांच भी निशुल्क की जाएगी। आईएमएस निदेशक प्रो.एसएन संखवार ने प्रेस कांफ्रेंस कर काशीवासियों से बड़ी संख्या में मेले में आकर लाभ उठाने का आह्वान किया गया है। बताया कि पहले दिन श्री देवराज उर्स अकादमी ऑफ हायर एजुकेशन एंड रिसर्च, कोलार के कुलपति प्रो.बी वेंगम्मा करेंगे। स्वास्थ्य मेले के बारे में निदेशक ने बताया कि आयोजन की तैयारियां अंतिम दौर में हैं। इसमें अलग-अलग स्टालों पर लोगों को मधुमेह, रक्तचाप और हृदय रोग जैसे बीमारियों पर परामर्श के साथ ही कुछ जरूरी जांच भी करवाई जाएगी। इसके अलावा दांत, आंख, बाल रोग, श्वसन रोग, वृक्क (किडनी), पंचकर्म, स्त्री रोग और मानसिक रोगों के लिए विशेष क्लीनिक की सुविधा भी मिलेगी। निःशुल्क रक्त परीक्षण, हड्डी की जांच और रक्त समूह की जांच होगी । आयुर्वेदिक पद्धति और ऋतु आधारित जीवनशैली एवं खान-पान आदि के संदर्भ में लोगों को परामर्श मिलेगा। बताया कि बाल चिकित्सा और मानसिक परामर्श तथा वरिष्ठ नागरिकों के लिए स्वास्थ्य परीक्षण की भी सुविधा उपलब्ध रहेगी। प्रेस कांफ्रेंस में आयोजक मंडल में शामिल प्रो. टीपी चतुवेर्दी, प्रो. बीराम, प्रो.एसके भारतीय के साथ प्रो.एसपी मिश्रा, डॉ. संतोष सिंह, आयुर्वेद संकाय के वैद्य सुशील दूबे सहित अन्य लोग मौजूद रहे। चिकित्सा विज्ञान संस्थान की उपलब्धियां भी बताई जाएंगी। आईएमएस निदेशक प्रो.एसएन संखवार ने बताया कि मेले के बाद चार दिसंबर को स्वतंत्रता भवन में वार्षिकोत्सव का मुख्य आयोजन होगा। इसमें चिकित्सा विज्ञान संस्थान की उपलब्धियां भी बताई जाएंगी। इसमें एम्स जैसी सुविधा मिलने, किडनी प्रत्यारोपण, बुजुर्गों के लिए नेशनल एजिंग सेंटर बनाया जाना, सीसीयू ब्लॉक बनाना, जांच की सुविधाओं में बढ़ोत्तरी आदि के बारे में बताया जाएगा। समारोह का उदघाटन पीजीआईएमईआर चंडीगढ़ के निदेशक प्रो. विवेक लाल करेंगे जबकि एम्स भोपाल के निदेशक प्रो. अजय सिंह विशिष्ट अतिथि के तौर पर मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम में वार्षिकोत्सव के दौरान करवाई गई विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता प्रतिभागियों, शैक्षणिक रूप से उत्कृष्ट छात्रों, संस्थान के सेवानिवृत्त शिक्षकों एवं गैर-शिक्षण कर्मचारियों को सम्मानित किया जायेगा।

# सहकारी पी.जी. कॉलेज मिहरावां ने बॉक्सिंग प्रतियोगिता में मारी बाजी

**अमित तिवारी**

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर से संबद्ध अंतर महाविद्यालयीय बॉक्सिंग



(पुरुष/महिला) प्रतियोगिता का आयोजन सहकारी पीजी कॉलेज ,मिहरावां जौनपुर में संपन्न हुआ। जिसमें सहकारी पी.जी. कॉलेज, मिहरावां प्रथम स्थान शिव गोविंद महाविद्यालय जौनपुर द्वितीय आचार्य देव पी.जी. कॉलेज, जौनपुर तृतीय स्थान रहा। समापन समारोह के मुख्य अतिथि राजीव कुमार सिंह द्वारा पुरस्कार वितरण किया गया।

स्वागत प्राचार्य डा. अरविंद कुमार सिंह ने किया एवं लेफ्टीनेंट डा. रणधीर कुमार ने सभी को आभार एवं धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ.राज बहादुर यादव द्वारा किया गया। इस अवसर प्रोड्ग शेखर सिंह, डा. संजय नारायण सिंह, डा. सत्यप्रकाश सिंह, नीरज सिंह आदि उपस्थित थे।

# आरसीएम में जौनपुर के होनहार ने गाड़ा झण्डा

## एक वर्ष में टेक्निकल पद मिलने के बाद सुल्तानपुर की धरती पर हुआ सम्मान

**निशानाथ**

खेतासराय,जौनपुर( उत्तरशक्ति )। जौनपुर के एक होनहार चिकित्सा क्षेत्र से जुड़े डॉ. बीके यादव ने आरसीएम में अपना झण्डा गाड़ कर जिला का नाम रोशन किया है। इसके लिए उनको सुल्तानपुर जिले में मेडल देकर सम्मानित किया गया। जिससे क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ पड़ी और शुभ-चिंतकों द्वारा विभिन्न माध्यम से बधाई एवं शुभकामनाएं देने का सिलसिला जारी है। विदित हो कि कस्बा के सरवरपुर मोहल्ला निवासी डॉक्टर बी.के. यादव पेशे से एक डॉक्टर है। इस पेशे को देखते हुए उन्होंने आरसीएम बिजनेस के डायरेक्टर सेलर अवधेश मिश्रा, रमेश वर्मा, मनोज वर्मा के मार्गदर्शन में पार्ट टाइम में स्वास्थ्य रक्षा, स्वालम्बन व नारी सशक्तीकरण की मुहिम को आगे बढाते हुए एक वर्ष में टेक्निकल के पद पर पहुँचकर इतिहास रचने का काम किया है। उन्होंने मीडिया से बातचीत करते हुए इस सफलता का श्रेय अपने बचपन के मित्र सतीश यादव एवं बिजनेस गुरु डॉ. मनोज कुमार सिंह व कोच रोहित सिंह को देते हुए कहा कि 21वीं सदी का सबसे खूबसूरत व्यवसाय है। जिसमें बिना पूंजी लगाएं मिशन आर्थिक आजादी का सिपाही बनकर लोगों को जागरूक करके पार्ट टाइम में काम करके अपने सपनों का उड़ान दे सकते है। उन्होंने बड़े गर्व से कहा कि हम आरसीएम में एक जिम्मेदार के पद पर पहुँचे है। उक्त डॉक्टर व आरसीएम टेक्निकल पर पहुँचने व सम्मान पाने के बाद होनहार बिरवान के होत चिकने पात वाली कहावत सटीक बैठ रही है। उन्होंने धरातल से जुड़े लोगों के भविष्य को सवांरने के लिए एक गोल्डेन अवसर प्रदान कर रहे है। इस अवसर पर रिपु दमन सिंह, महेंद्र यादव, अनिल यादव, वसंत, प्रमोद कुमार , प्रेम, रोहित यादव, कृष्ण मोहन सिंह, विनोद, राममिलन, पूर्व जिला पंचायत सदस्य शम्भू नाथ समेत आदि लोगों ने बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित किया।





